मीठी सेवईयां खिलाकर मनाया ईद-उल-फितर का त्यौहार

नवभारत, परसवाड़ा। अमन और शांति का त्यौहार ईद-उल-फितर 21 मार्च शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया । इस दौरान सभी मुस्लिम धर्म धर्मावलंबियों द्वारा ईद-उल-फितर के पाक व मुबारक मौके पर प्रात: 09 बजे ईदगाह मैदान परसवाड़ा में नमाज अदा की गई, नमाज के पश्चात सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दुसरे के साथ गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी ।

ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर परसवाड़ा मुस्लिम जमात के सदर शेख इमरान व डॉ. जावेद सिद्दीकी द्वारा अमन और शांति व भाईचारे का पैगाम देते हुये सभी को ईद की मुबारकबाद दी व उन्होंने कहा की परसवाड़ा में सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पाक रमजान के बाद बंधुत्व, भाईचारा एवं सौहार्द का त्यौहार ईद का यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । इस दौरान उपस्थित मुस्लिम बंधुओं द्वारा समूचे भारत देश में शांति, अमन व चैनो सुकून के लिए भी दुआ मांगी गई । जिसके पश्चात मीठी सेवईयां खिलाकर भी ईद की मुबारकबाद दी गई ।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुल्तान अहमद सिद्दीकी, डॉ. जावेद अहमद सिद्दीकी, अब्दुल सद्दाम कुरैशी, सुल्तान अहमद,, मुस्तकीम खान, मोहम्मद समीम कुरैशी, फिरोज खान, अब्दुल हसन कुरैशी, राजिक खान, अलीम खान, हनीफ खान, अब्दुल हमीद खान, हकीम खान, आहिद शेख, आबिद कुरैशी, शानू कुरैशी, अकरम खान, एजाज खान, अब्दुल वसीम खान, सलीम कुरैशी, फिरोज खान, परवेज खान, इमरान कुरैशी, पीरू कुरैशी, अमजद खान, राहिल खान, अशरफ खान सहित तमाम जमात के मुस्लिम बंधु उपस्थित रहे ।

कर्मचारी, मजदूर से मारपीट कर सीमेंट सड़क कार्य रुकवाया

▶ नीरज पसीने के विरुद्ध अपराध दर्ज

नवभारत,लालबर्रा। लालबर्रा नगर मुख्यालय में बस स्टैंड से समनापुर मार्ग का निर्माण कार्य प्रगतिरत है जो कि पुलिस थाना के पीछे से जनपद स्कूल की ओर लगभग 500 मीटर शेष मार्ग बनना है जिसका कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है उक्त कार्य का ठेका OISPL कंपनी इंदौर द्वारा लिया गया है कंपनी के साइड इंचार्ज ज्ञानीराम बोपचे द्वारा मजदूरों के साथ मिलकर कराया जा रहा था, जहां ज्ञानीराम बोपचे द्वारा बताया कि लालबर्रा निवासी नीरज पसीने आया और कार्यरत इंचार्ज व मजदूरों को श्री दीपक अग्रवाल के घर के सामने सड़क चौड़ीकरण व पुलिया निर्माण करने को लेकर बहस करने लगा साथ ही मुझे का गला दबाकर मारने लगा और जान से मारने की धमकी दिया, और गाली देकर निर्माण कार्य को भी रुकवा दिया।

नीरज पसीने के भय, मारपीट से सड़क निर्माण कार्य में कार्यरत साइड इंचार्ज व मजदूरों ने पुलिस थाना लालबर्रा पहुंचकर टीआई श्री चतुर्वेदी जी को घटना बताई जिस पर पुलिस थाना लालबर्रा में पूर्व से अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति नीरज पसीने के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है जिसमें उक्त व्यक्ति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196 (ड्ड), 115(2), 351(2) में मामला पंजीबद्ध हुआ है।

नीरज पसीने पर कठोर कार्यवाही हो - अनीस खान

लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने बताया कि लालबर्रा नगर मुख्यालय में बस स्टैंड से जनपद स्कूल अमोली की ओर 600 मीटर लंबाई का समनापुर मार्ग सीमेंट सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ है, किंतु उक्त कार्य में लगे साइड इंचार्ज ज्ञानीराम बोपचे व गरीब मजदूरों से मारपीट गाली गलौच सहित शासकीय निर्माण व विकास कार्य जिसे क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी के प्रयास से स्वीकृत कर प्रारंभ कराए गए निर्माण कार्य को नीरज पसीने द्वारा बंद कराया जाना घटिया मानसिकता को व्यक्त करता है नीरज पसीने पूर्व से जिला बदर का अपराधी प्रवृत्ति का है पुलिस विभाग से अनुरोध है कि ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

ग्राम गोंगलई में जीएसटी कमिश्नर लिल्हारे ने दिए डेड बॉडी फ्रिजर

▶ अपने वेतन से जनउपयोगी और शैक्षणिक उत्थान के लिए करते रहेंगे कार्य : लोकेश लिल्हारे

नवभारत, बालाघाट। शिक्षा का क्षेत्र हो या समाजसेवा निर्माण कार्य हो या जरुरत मंदो की मदद हर तरह से सक्रियता दिखाते हुए जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे हर संभव प्रयास कर रहे है जिसके तहत कई गांव के बाद बालाघाट से लगे ग्राम पंचायत गोंगलाई मे अपने स्वर्गीय पिता गिरधारी लाल लिल्हारे की स्मृति मे डेड बॉडी रखने फ्रिजर दान किये साथ ही ग्रामीणों से अपने अपने बच्चो के बेहतर भविष्य बनाने संकल्प भी दिलाये जँहा उपस्थित कई गांव के सरपंच और ग्रामीणों के साथ जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे अमर शहीद वीरांगना रानी अवन्ति बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना कर अवन्ति बाई के योगदान को याद किये।

जिसके बाद मंचिय कार्यक्रम मे आलोक संघ से प्रभुलाल पिछोड़े,दुर्गा सौलखे, सीडी नागपुरे,पूर्व सरपंच गंगा प्रसाद लिल्हारे,पन्नालाल नागपुरे,सरपंच प्रतिनिधि मुकेश पटले सहित अन्य वक्ताओ ने जीएसटी कमिश्नर और उनकी टीम के द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण और उपयोगी कार्य की खूब सराहना की वंही जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने कहे की वे कोई खास व्यक्तित्व के साथ लोगो के बीच नहीं जाते वे अपनी जिम्मेदारी का अनुसरण करके कार्य करते है और यही भावना से वे शिक्षा,समाजसेवा और सामग्रीया देने का कार्य करते है उनके द्वारा अपने स्वर्गीय पिताजी की स्मृति मे हर वर्ष अपने एक माह के वेतन से डेड बॉडी फ्रिजर या अन्य सामग्री देते है श्री लिल्हारे ने अपील की की वे भी तेरहवी या अन्य सामाजिक आडम्बर या कुरीतियों को त्याग कर उन पैसो से अपने बच्चो का भविष्य संवारे या सामाजिक कार्यों मे योगदान दें ऐसे सामाजिक उत्थान का कार्य सब कर सकते है बस हमें प्रयास करने की आवश्यकता है वे आगे भी इसी तरह या इससे बढ़कर सामाजिक उत्थान के लिए मिल जुलकर प्रयास करेंगे ताकि आने वाले समय मे देश की होनहार पीढ़ी बेहतर हो सके एक अच्छा और सकारात्मक परिणाम ला सके,कमिश्नर लिल्हारे ने ग्राम गोंगलाई प्रवेश द्वार के लिए मदद करने और खासकर छात्रों का बेहतर भविष्य बनाने योगदान देने की बात पर भी जोर दिए ।

छात्राओं और उनके परिजनों का सम्मान भी किया गया

कार्यक्रम के दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं और उनके परिजनों का सम्मान भी किया गया यंहा कार्यक्रम मे सरपंच श्रीमती लता मुकेश पटले,सरपंच प्रतिनिधि कोहकाटी बर से आतीश लिल्हारे,बलराम लिल्हारे, युवा नेता अनिल नागपुरे, सतीश लिल्हारे,आलोक संघ से विजय लिल्हारे,हेमंत नागपुरे,अनोश बसेने,सुभाष नागपुरे,लक्ष्मी पिछोड़े,योगेशवारी लिल्हारे, पर्मिला लिल्हारे, वर्षा बोमार्डे,मचेन्द्र बोमार्डे, विजय बोमार्डे, कमलेश लिल्हारे, शोभाराम लिल्हारे उपसरपंच सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन और महिलाएं मौजूद रही।

विधायक गौरव पारधी ने सुकड़ी घाट में 3 .15 एमव्हीए सबस्टेशन का लोकार्पण

सीसी रोड का भूमि पूजन

नवभारत, खैरलांजी। ग्राम पंचायत टेकाडीघाट के ग्राम सुकडी घाट में पावर ट्रांसफार्मर 3.15 रूङ्क सबस्टेशन का लोकार्पण विधायक गौरव सिंह पारधी जी के द्वारा किया गया। साथ ही ग्राम में सीसी रोड का भूमि पूजन विधायक जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, जनपद सदस्य दिनेश नागदेवे, मंडल अध्यक्ष भाजपा दीपेश्वरी लिल्हारे, राजेंद्र देशमुख, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, भाजपा जिला मंत्री अरुणा गजभिए, पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी, सरपंच श्रीमती रेखा युवराज पटले, मीरगपुर सरपंच दीपक देशमुख, गुडरु घाट सरपंच दिलीप बिसेन, रानीमोहगांव सरपंच दुर्गेश पारधी, सावरगांव सरपंच अनिल मस्करे, विनोद गौतम, आलोक पाटिल जनपद सदस्य, उप सरपंच नरेंद्र क्षीरसागर, बिजली विभाग से राजीव रंजन जी, विनीत बिसेन, राम प्रसाद पटले, राहुल जायसवाल, देवेंद्र गौतम, प्रफुल्ल लिल्हारे, मनोज भगत, चंद्रप्रकाश पुष्पतोड़े एवं समस्त अतिथिगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक गौरव पारधी ने संबोधन में किये अनुभव साझा- विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज सुकड़ी के नवनिर्मित सब स्टेशन के लोकार्पण में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधि एवं बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को मेरा नमस्कार। मेरा बालाघाट आना बिजली के कार्य करते-करते हुआ।

मैंने हैदराबाद में जॉब ज्वाइन किया था, उसी दौरान मध्यप्रदेश में फीडर सेपरेशन का कार्य प्रारंभ हुआ और जिस कंपनी में मैं कार्यरत था, उसे यह प्रोजेक्ट मिला। मुझे जानकारी मिली कि बालाघाट जिले में कार्य चल रहा है, तब से मेरा यहां आना-जाना शुरू हुआ और वर्ष 2013 में मैं बालाघाट शिफ्ट हो गया।

विद्युत कार्यों का विस्तार और उपलब्धियां

उस समय बालाघाट, सिवनी, सिंगरौली, बैतूल, उज्जैन, देवास, शिवपुरी, सीधी सहित करीब 13 जिलों में विद्युत कार्य चल रहा था, जिनका मुझे कोऑर्डिनेटर बनाया गया। मैंने योजना बनाकर कार्य किया ताकि लंबे समय तक बिजली की समस्या न हो।

जहां एक ट्रांसफार्मर की जरूरत थी, वहां दो लगाए गए, 25 की जगह 63 क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए गए। प्रयास रहा कि हर क्षेत्र तक बिजली पहुंचे, यहां तक कि कृषि फीडरों के माध्यम से खेतों तक भी बिजली पहुंचाई गई।

धार्मिक स्थलों तक बिजली पहुंचाने का कार्य

उन्होंने कहा कि रमरमा महादेव, झरिया महादेव और लिगमारा के बालाजी मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों तक भी बिजली पहुंचाने का सौभाग्य मिला। इसी कार्य के दौरान जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ और आज भी उसी भावना से कार्य कर रहा हूं। विद्युत विभाग से मेरा गहरा जुड़ाव रहा है, इसलिए इस क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर समझता हूं।

आगामी योजनाएं और 132 केवी सबस्टेशन पर फोकस

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में अधिक से अधिक सबस्टेशन और ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए प्रयास जारी हैं। खैरलांजी क्षेत्र में 132 केवी सबस्टेशन की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे ऊर्जा विभाग की परामर्श समिति के सदस्य हैं और आने वाले समय में इस कार्य को स्वीकृति दिलाकर शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत चिखलाबाध में भी सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक गौरव सिंह पारधी जी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशु गुनाराम बघेले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, जनपद सदस्य प्रकाश उके, भाजपा जिला मंत्री अरुणा गजभिए, राजेंद्र देशमुख, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालाघाट तेज लाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपेश्वरी डोमन सिंह लिल्हारे, ग्राम सरपंच श्रीमती अनीता राजू बिठले, उप सरपंच मुनेश मारकु, जनपद सदस्य श्रीमती रीना भीम प्रकाश बोरकर, पूर्व सरपंच नेतलाल रामटेके एवं समस्त अतिथिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। गजभिए, राजेंद्र देशमुख, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालाघाट तेज लाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपेश्वरी डोमन सिंह लिल्हारे, ग्राम सरपंच श्रीमती अनीता राजू बिठले, उप सरपंच मुनेश मारकु, जनपद सदस्य श्रीमती रीना भीम प्रकाश बोरकर, पूर्व सरपंच नेतलाल रामटेके एवं समस्त अतिथिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बकाया भुगतान की मांग

बम्हनी। जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित समस्याओं और विभागीय विसंगतियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन कार्यों के लिए संसाधनों की कमी, मानदेय में वृद्धि और माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशों के क्रियान्वयन की मांग प्रमुखता से उठाई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में उन्हें विभाग से मिले 3 जी मोबाइल अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कार्यकर्ताओं को 5 जी मोबाइल उपलब्ध कराए जाएं या राशि सीधे खाते में डाली जाए। ऑनलाइन कार्य के लिए प्रतिदिन 2 जीबी डेटा की राशि कार्यकर्ताओं के खाते में प्रदान की जाए, क्योंकि अभी वे स्वयं के खर्च पर मोबाइल रिचार्ज कर रही हैं। नेटवर्क समस्या को देखते हुए बीएसएनएल की जगह बेहतर नेटवर्क वाली सिम प्रदान की जाए। ऑफलाइन रिकॉर्ड मेंटेन करने के लिए आवश्यक रजिस्टर और स्टेशनरी की राशि उपलब्ध कराई जाए।

अतिरिक्त कार्यों के लिए दी जाए प्रोत्साहन राशि-ज्ञापन में स्पष्ट कहां गया है कि चुनाव ड्यूटी और जनगणना जैसे कार्यों के दौरान कार्यकर्ताओं को आंगनवाड़ी कार्यों से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही अन्य विभागों की तरह इन कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहन राशि दी जाए।

भुआ बिछिया में सिंधी समाज ने मनाया भगवान झूलेलाल का 1058वां प्रकाश उत्सव

दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ गूंजे जयकारे, प्रसादी का किया गया वितरण

भुआ बिछिया। सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल की जयंती नगर में अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस वर्ष भगवान झूलेलाल जी का 1058वां प्रकाश उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें समाज के हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल जी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण जय झूलेलाल के जयकारों से गुंजायमान रहा। पूजा-अर्चना के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच विधि-विधान से प्रसाद वितरण किया गया।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में प्रीतम सिंह राजपाल, यशवंत बजाज, अशोक नानकानी, बंटी बजाज, बंटी रावलानी, प्रिंस बजाज और हर्ष बजाज का विशेष सहयोग एवं सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में समाज की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सभी ने एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई दी।

अंजनिया में शोभायात्रा ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, कलेक्टर व एसपी ने पहुंचकर गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा

अंजनिया। सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्म दिवस चेटीचन्द्र महोत्सव के रूप में सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल एवं मातृशक्ति सदस्यों के द्वारा विविध आयोजन किए गए। आयोजन की श्रृंखला में एक सप्ताह पहले गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया जो कि नियमित रूप से पाठन किया गया। पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल सांई का जल अभिषेक किया गया। इसके साथ ही झूलेलाल सांई जी का श्रृंगार किया गया। श्री गुरुद्वारा साहिब में भजन कीर्तन, आरती, पूजा के साथ सभी परिवारों की सुख शांति के लिए अरदास की गई। सामाजिक जनों के द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया गया। इसके बाद आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शामिल जनों ने प्रसादी ग्रहण की। सुबह सामाजिक जनों के द्वारा विशेष ड्रेस कोड के साथ वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली के जगह जगह स्वागत में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया। सायंकाल में श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन पश्चात शोभायात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं एसडीएम सोनल सिडाम मेडम शामिल हुए। इन्होंने भगवान झूलेलाल एवं श्री गुरुग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया, माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत मंडला द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम को शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।

यहां भी हुए आयोजन-

अंबेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवलराम झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल की पूजा अर्चना के साथ विविध स्वादिष्ट व्यंजनों की चौपाटी में बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए। शाम को बहिराणा साहब की पूजा अर्चना के बाद पालकी शोभायात्रा निकाली गई।

बबलिया में होगा 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

नारायणगंज। ग्राम देवरीकला बबलिया के पूर्व उपसरपंच एवं भाजपा जिला सदस्य बाबूलाल यादव अपना 65वां जन्मदिवस एक अनोखे और आध्यात्मिक अंदाज में मनाने जा रहे हैं। अपने जीवन के इस पड़ाव को यादगार बनाने के लिए उन्होंने 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन का संकल्प लिया है। बाबूलाल यादव का कहना है कि उन्होंने आज तक अपना जन्मदिन नहीं मनाया है, इसलिए इस बार वे अपने सभी सहपाठियों, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर इसे पूरे उत्साह और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाना चाहते हैं।

बताया गया कि 24 मार्च मंगलवार दोपहर 3 बजे शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 25 मार्च बुधवार सुबह 7.30 बजे से गायत्री महायज्ञ और विभिन्न वैदिक संस्कार होंगे। शाम 6 बजे भव्य दीप महायज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

नेता, जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं मप्र शासन की पीएचई मंत्री संपतिया उइके शामिल होंगी। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते और जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मिरिया जनपद पंचायत (लाँजी) जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक /ग /ग्राम पंचा/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 22/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत मिरिया जनपद पंचायत लाँजी में वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा) योजना, 15 वाँ वित्त आयोग 5वाँ राज्य वित्त आयोग, पंच परमेश्वर योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर एवं अन्य विभिन्न मदो से कराये जाने विभिन्न कार्यों के लिए सामाग्री लोहा, सीमेंट गिट्टी, रेत, बजरी, ईंट, गट्टू, पेवर ब्लाक, मिक्सर मशीन, सेन्ट्रिग बायबेटर, इलेक्ट्रिक सामग्री, एलईडी स्टेट लाईट सामग्री, फेंसिंग तार सीमेंट कुर्सी, सीमेंट पाईप, मुरुम, स्टेशनरी सामग्री, फर्नीचर, आदि अन्य सामाग्री क्रय किया जाना है।

इस हेतु दिनांक 22/03/2026 से 29/03/2026 तक मटेरियल सप्लायरों से से मुहर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम और शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

संरपच श्रीमती द्वारका बोमर्डे | सचिव श्री दिलीप सत्कार | सहायक सचिव श्री राजु रामटेके

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मिरिया